Amar Ujala Page No. 03 25.05.2022

अंबेडकर विवि ने कॉलेज ऑफ आर्ट्स के लिए गठित की कमेटी

नई दिल्ली। अंबेडकर विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए विश्वविद्यालय के हिस्से के रूप में कॉलेज ऑफ आर्ट्स के लिए कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सुचारु प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रवेश समिति ने समयबद्ध तरीके से प्रवेश की सुगम प्रक्रिया आयोजित करने के लिए प्रवेश कार्यक्रम और अन्य तौर तरीकों के विवरण पर काम करना शुरू कर दिया है। बयान में कहा गया कि बीती 23 मई को प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें डॉ. बीआर अंबेडकर व कॉलेज ऑफ आर्ट्स के अधिकारियों ने भाग लिया। ब्यूरो

Hindustan Hindi Page No. 05 25.05.2022

कॉलेज ऑफ आर्ट में इस माह के अंत तक आवेदन

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली इस माह के अंत तक अपने तत्वावधान में कॉलेज ऑफ आर्ट के सत्र 2022-23 के लिए बीएफए और एमएफए कोर्स के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

विश्वविद्यालय ने कॉलेज में संभावित सीटों की संख्या विषयवार जारी कर दी है। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है पूर्व की भांति ही इस सत्र में कॉलेज के कोर्स में फीस होगी।

एयूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संस्थान ने प्रो.सत्यकेतु को दाखिला प्रक्रिया के लिए डीन नियुक्त कर दिया है। इस माह के अंत तक दाखिला के लिए आवेदन तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। मंगलवार को अंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया के लिए एक प्रवेश समिति का गठन और अधिसूचित किया गया है।

कोर्स और संभावित सीटें

- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट (एप्लाइड आर्ट)-**131**
- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (आर्ट हिस्ट्री)- **33**
- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (पेंटिंग) - **67**
- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (स्कल्पचर)- **26**
- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (प्रिंट मेकिंग) - **34**
- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (विजुअल कम्युनिकेशन)-**34**
- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (एप्लाइड आर्ट)-**15**
- मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (पेंटिंग)-**15**
- मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (स्कल्पचर)-**15**
- मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (प्रिंट मेकिंग)-**15**

Navbharat Times Page No. 02 25.05.2022 (1)

कॉलेज ऑफ आर्ट की 400 सीटों पर एडमिशन

विस, नई दिल्ली : आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (AUD) एकेडमिक सेशन 2022-23 के लिए कॉलेज ऑफ आर्ट की 400 सीटें के लिए एडमिशन करेगी। इसके लिए एडमिशन कमेटी बना दी गई है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने जानकारी दी कि फीस में कोई भी बदलाव नहीं किया जाएगा।

दि दिल्ली सरकार की आंबेडकर यूनिवर्सिटी ने जानकारी दी है कि 23 मई को दिल्ली सरकार के हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने मीटिंग की है जिसमें यूनिवर्सिटी और कॉलेज ऑफ आर्ट के अधिकारी शामिल हुए। मीटिंग के बाद कॉलेज ऑफ आर्ट एडमिशन कमेटी बना दी गई है। मई आखिर से पहले फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट (बीएफए) - अप्लाइड आर्ट की 131 सीटों के लिए एडमिशन होंगे। बीएफए आर्ट हिस्ट्री की 33, बीएफए पेंटिंग की 67, बीएफ इस कल्चर की 26, बीएफए प्रिंटमेकिंग की 34 और बीएसए विजुअल कम्युनिकेशन की 34 सीटों के लिए एडमिशन होंगे। मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) अप्लाइड आर्ट, एमएफए पेंटिंग, एमएफए स्कल्पचर, एमएफए प्रिंट मेकिंग और एमएफए विजुअल कम्युनिकेशन, सभी की 15-15 सीटों के लिए एडमिशन होंगे। जहां एक और दिल्ली यूनिवर्सिटी का कहना है कि कॉलेज ऑफ आर्ट को यूनिवर्सिटी से डी-एफिलिएट नहीं किया गया है, वहीं कॉलेज के स्टाफ एसोसिएशन ने एडमिशन प्रक्रिया रुकवाने के लिए प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति को पत्र भेजा है। एसोसिएशन का कहना है कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी स्टेट यूनिवर्सिटी में नहीं आना चाहते हैं।

इसी महीने शुरू होगी प्रक्रिया, AUD ने कहा फीस में नहीं होगा बदलाव

The Indian Express Page No. 04 25.05.2022

AUD forms admission committee for College of Art

New Delhi: After appointing a Dean for the College of Art, the Ambedkar University Delhi (AUD) Tuesday said it had constituted an admission committee to work on the modalities of admission in the college. The fate of COA has been uncertain as Delhi University has claimed it has not de-affiliated COA, even as AUD has begun the admission process.